सार-समाचार

बालाजी धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम श्योपुरा के बालाजी धाम में शरद पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान मंदिर की रंग-बिरंगे फूलों से व विद्युत लाइटों से भव्य सजावट की गई। मंदिर के पुजारी हरिचरण शर्मा ने बालाजी महाराज की ज्योत प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया गया। हरिचरण शर्मा ने बालाजी ने लाड लडावे माता अंजना, कीर्तन की है रात आदि भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। देपालसर के अर्जुन पिलानिया ने बजरंग बली मेरी नाव चली, भजन गायकार सांवरमल कथक ने लाल लंगोटा हाथ में गोटा, थारी जय हो पवन कुमार सहित अनेक भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पुष्पा शर्मा, हेमा शर्मा सुनीता, अनिता शर्मा, हिसार के सुरेंद्र शर्मा, मुरारी लाल ने नृत्य, कीरताण के गायकार, गोकुलराम शर्मा ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर किरताण के महंत बलदेव गिरी महाराज, बीरबल शर्मा, श्योपुरा बालाजी धाम के पुजारी प्रमोद शर्मा, मयंक शर्मा, संदीप शर्मा, महावीर प्रसाद शर्मा, ईशु, मनु शर्मा, उत्तम कुमार बील, श्याम मंदिर के पुजारी भोलाराम काछवाल, दौलत राम गोदारा, प्रेमचंद धायल, ज्योति प्रकाश काछवाल, फतेहपुर बजरंग लाल, राधेश्याम व कैलाश चंद्र नवहाल ने आयोजकीय भूमिका निभाई।

शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया

चूरू (निसं)। स्थानीय सब्जी मंडी स्थित प्राचीन बागला बालाजी मन्दिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा महोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर की भव्य सजावट की गई। इस अवसर पर सोमवार रात्रि को मन्दिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. कमल वशिष्ट ने गणेश वंदना से किया। तबले पर संगत ललित व्यास ने की। कार्यक्रम में कोलकाता प्रवासी राम मोहन मंत्री व सुनील सैनी ने आकर्षक भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। भजन संध्या के बाद कलाकारों का सम्मान किया गया। दिनेश तोषाण व पवन कुमार शर्मा को विजय कुमार बागला, राम मोहन मंत्री को सुरेश कुमार गोटेवाला ने डॉ. प्रमोद बाजोरिया, सुरेश सरावगी, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, शिव कुमार गोयनका, सुरेश किला, विनोद बागला, रविन्द्र शर्मा ने माला पहनाकर, शॉल ओढाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। इस दौरान बालाजी महाराज की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर प्रो. हेमन्त मंगल, सुशील अग्रवाल, योगेश लोहिया, राकेश गोयल, रूकमानन्द जालुका, सुनील गोयनका, गौरव बागला सहित अनेक महिला-पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशील हारित ने किया।

अमृता हाट नौ से

झुंझुनूं, (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग एवं राजीविका झुंझुनूं की ओर से आयोजित अमृता हाट ए फैमिली फेयर का शुभारंभ नौ अक्टूबर 2025 से परमवीर पीरू सिंह स्कूल खेल मैदान झुंझुनूं में होगा। इस दौरान प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्य के सभी जिलों के स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद मिलेंगे। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने जानकारी दी कि मेले का शुभारंभ नौ अक्टूबर को भव्य कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। 10 अक्टूबर को सुहागन शक्ति करवा चैथ कार्यक्रम, 11 अक्टूबर को विराट कवि सम्मेलन, 12 अक्टूबर को अंतर महाविद्यालय नृत्य प्रतियोगिता तथा 13 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी क्रम में 14 अक्टूबर को अन्तर्विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता, 15 अक्टूबर को सांस्कृतिक संध्या धुन- द रायजिंग स्टार, 16 अक्टूबर को राजीविका महिला समूह नृत्य प्रस्तुतियां, 17 अक्टूबर को महिला स्वयं सहायता समूह सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम का समापन 18 अक्टूबर को समापन समारोह के साथ किया जाएगा। न्यौला ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना, स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देना और समाज में महिला सशक्तिकरण की भावना को मजबूत करना है।

वन्य जीव सप्ताह मनाया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय में वन्य जीव सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्य जीवों के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। प्राचार्य डॉ. एन एस नाथावत ने इस अवसर पर वन्य जीवों के महत्व और पर्यावरणीय संतुलन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही महाविद्यालय प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण एवं वन्य जीवों के संरक्षण हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से वन्य जीवों के संरक्षण को विस्तार से समझाते हुए बताया कि जीव न केवल हमारे पर्यावरण का अहम हिस्सा हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अतिआवश्यक हैं।कार्यक्रम के समापन पर सभी ने यह संकल्प लिया कि वे वन्य जीवों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज में जन-जागरण फैलाएंगे।कार्यक्रम का संचालन प्राणी शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ राशिद अली ने किया जबकि विभागाध्यक्ष गुलशन वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार चल रहे रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का समापन हुआ। महिला पुलिसकर्मी मास्टर ट्रेनर सुलोचना एवं शर्मिला के नेतृत्व में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रभारी सहायक आचार्य वंदना कुमारी ने बताया कि 17 दिन तक चले इस प्रशिक्षण में छात्राओं को सम्भावित खतरों से निपटने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी दी गई। ताकि छात्राओं में सुरक्षित, स्वस्थ एवं भयमुक्त वातावरण का निर्माण हो। प्रशिक्षण में 150 छात्राओं को शारीरिक आत्मरक्षा, मानसिक सुरक्षा एवं कानून की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नौ सितंबर से छह अक्टूबर तक किया गया। इस दौरान प्राचार्या डॉ. सुनिता बेनीवाल एवं सहायक आचार्य सुभाषचंद्र, अविनाश कुमार मील, योगेंद्रकुमार, रविकांत मीणा, प्रियंका तथा समस्त मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

जीवन विज्ञान दिवस का आयोजन

बीदासर (निसं)। अणुव्रत समिति के तत्वाधान में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को जीवन विज्ञान दिवस ज्ञान ज्योति आईटीआई एवं विद्यालय में कन्या मंडल संयोजिका गरिमा बोथरा के संयोजन में आयोजित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों को गरिमा द्वारा विभिन्न योग व प्राणायाम करवाएं गए। समिति के मंत्री नवल किशोर मीणा ने विद्यार्थियों को जीवन विज्ञान के तहत विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में करवाए जाने वाले योग व प्राणायाम के द्वारा छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नित्य प्रतिदिन सहभागिता अनिवार्य रूप से लागू करने की बात कही। मंत्री मीणा ने सप्ताह भर चले कार्यक्रम में कुछ न कुछ अच्छाई अपने जीवन में ग्रहण करने की प्रेरणा देने के साथ ही अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह समापन की घोषणा की।

संभाग स्तरीय वर्कशॉप आज

सीकर, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से लक्ष्य व सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) कार्यक्रम की संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 8 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे किया जाएगा। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ अमित यादव की अध्यक्षता में होने वाली संभाग स्तरीय वर्कशॉप में सीकर, चूरू, झुंझुनूं, जयपुर जिलों के सभी जिला व जिला अस्पताल प्रभारी अधिकारी, प्रसव कक्ष प्रभारी, ऑपरेशन थियेटर प्रभारी भाग लेंगे। वर्कशॉप जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने दी।

छात्राओं को गणवेश वितरित

बीदासर (निसं)। पीएमश्री धापू देवी चैरडिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बीदासर में मंगलवार को सोहन लाल भीकमचंद चैरडिया चैरी टेबल ट्रस्ट दिल्ली बीदासर के सौजन्य से विद्यालय की 90 छात्राओं को विद्यालय गणवेश ट्रस्ट के प्रतिनिधि मालचंद दर्जी द्वारा वितरित की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के कार्यवाहक संस्था प्रधान मनोज कुमार, अमित कुमार दर्जी, सुरेश जानू, केशरीचंद सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।

अटल जन सेवा शिविर स्थगित

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 17 सितम्बर 2025 से जिले के समस्त ब्लॉक में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविरों के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन-प्रतिनिधिगण की व्यवस्तता को दृष्टिगत रखते हुए 9 अक्टूबर 2025 (द्वितीय गुरूवार) को आयोजित होने वाले अटल जन सेवा शिविर को स्थगित कर दिया गया है।

कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता बहुत जरूरी : डॉ. शर्मा

चूरू (निसं)। लायंस क्लब समर्पण की ओर से मंगलवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय में कैंसर जागरूकता विषय पर स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन ओम प्रकाश बेरवा ने बताया कि लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा पूरे विश्व में एक साथ 4 से 11 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह सेवांकुर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत क्लब द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को कन्या महाविद्यालय में कैंसर जागरूकता पर एक स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया।

लायंस क्लब समर्पण द्वारा कन्या महाविद्यालय में कैंसर जागरूकता पर स्वास्थ्य चर्चा हुई।

इस अवसर पर क्लब के निदेशक लायन डॉ. महेश शर्मा व चेयरमैन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उषा कस्वां ने स्त्रियों में होने वाले कैंसर रोगों के कारण और निवारण पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. उषा कस्वां ने बताया कि महिलाओं में अमूमन दो प्रकार के कैंसर होते हैं जिसमें ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर ज्यादा पाए जाते हैं। यदि समय रहते हुये इस पर ध्यान दिया जाये तो इस रोग पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पाया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. महेश शर्मा ने कैंसर जैसी बीमारी की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक होने पर जोर दिया।

इस दौरान डॉ. शर्मा ने छात्राओं से कहा कि सदैव लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगें बढे, सफलता आपके कदम चूमेगी। लायंस क्लब के प्रांतीय सचिव डॉ. कमल वशिष्ठ ने कहा कि छात्राएं संकोच के कारण अपनी समस्याएं घर पर नहीं बताती हैं, इस कारण बीमारी उग्र रूप ले लेती है, अत: छात्राओं को जागरूक रहते हुए कैंसर के पूर्व रूप लक्षणों को समझते हुए चिकित्सकों से सलाह लेनी चाहिए। क्लब के पूर्व सचिव लायन डॉ. अक्षय शर्मा ने ओरल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सी एल वर्मा ने क्लब का धन्यवाद ज्ञापित किया। क्लब उपाध्यक्ष मंगतूराम तंवर ने सेवा सप्ताह के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. नरेंद्र ढाका व विनय कस्वां ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

दिवाली के बाद ओवरब्रिज का काम शुरू होगा : राजेंद्र भांबू

झुंझुनूं, (निसं)। पुलिस लाइन के पास लंबित पड़े ओवरब्रिज का काम दिवाली के बाद शुरू हो जाएगा। विधायक राजेंद्र भांबू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए आरएसआरडीसी ने लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस जारी कर दिया है। जिसके बाद कांट्रेक्टर द्वारा निर्धारित प्रक्रिया 21 दिन में पूरी करने के बाद इसका काम शुरू हो जाएगा। इसलिए दिवाली के बाद कार्य शुरू हो जाएगा।

भांबू ने इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सूबे की डिप्टी सीएम और पीडब्लूडी मंत्री दिया कुमारी समेत राजस्थान सरकार और भाजपा नेताओं का आभार जताया है। जिन्होंने उप चुनावों में किए गए वादे को पूरा करते हुए तमाम अड़चनों के बावजूद इस कार्य को ना केवल स्वीकृत किया। बल्कि इस कार्य को शुरू करने के लिए भी पहल की है।

भांबू ने बताया कि ओवरब्रिज और आडिटोरियम जैसे ऐसे कई कार्य थे। जो कांग्रेस ने अपने शासन के वक्त और कांग्रेस नेताओं ने मंत्री रहते हुए भी ना तो कभी पूरे करवाए और ना ही इन्हें शुरू करवाने के लिए कोई पहल की। लेकिन प्रदेश की डबल ईंजन सरकार ने उप चुनावों में जो वादा किया था। वो पूरा करते हुए ओवरब्रिज का काम शुरू करवाने की पहल की है। वहीं इस ओवरब्रिज को डबल लेन की बजाय फोर लेन में अपडेट करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि झुंझुनूं शहर ही नहीं, बल्कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में जो काम अधूरे है। वो तो प्राथमिकता के आधार पर पूरे हो। साथ ही राजनैतिक दुर्भावना से दशकों से वंचित क्षेत्रों का भी सर्वांगिण विकास हो।

इस मौके पर भांबू ने बताया कि नगर परिषद में निर्माणाधीन आडिटोरियम के लिए भी बजट स्वीकृत करवा दिया गया है। जिसके अब तक के निर्माण को लेकर भी रिपोर्ट तैयार की गई है। आडिटोरियम का निर्माण भी दिवाली के बाद और इसी साल में शुरू करवाया जाएगा। आडिटोरियम की कार्यकारी एजेंसी भी आरएसआरडीसी को बनाया गया है। इधर, झुंझुनूं शहर के लोगों ने भांबू के प्रयासों से ओवरब्रिज का काम शुरू होने की राह खुलने पर खुशी जताते हुए सरकार का और भांबू का आभार जताया है। आपको बता दें कि सीकर-झुंझुनूं-लोहारू रोड पर यह ओवरब्रिज बनेगा। जिसके लिए 36 करोड 09 लाख 87 हजार 632 रूपए का टैंडर कांट्रेक्टर रमेश कुमार बंसल को दिया गया है। जो फोर लेन का ओवरब्रिज बनाएंगे।

समाज कल्याण सप्ताह का समापन

सीकर (निसं)। समाज कल्याण सप्ताह के तहत मंगलवार को समाज कल्याण सप्ताह का समापन कार्यक्रम विशेष योग्यजन कल्याण दिवस के रूप में दशरथ मनोविकास संस्थान सीकर में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल वर्मा ने कहा कि समाज कल्याण सप्ताह के तहत एक अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, 3 अक्टूबर को अपराधी सुधार दिवस, 4 अक्टूबर को बाल दिवस, 5 अक्टूबर को महिला एवं बालिका कल्याण दिवस, 6 अक्टूबर 2025 को जन चेतना दिवस, 7 अक्टूबर को विशेष योग्यजन कल्याण दिवस मनाया गया है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों जनजातियों, अन्य पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यजन, महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जन चेतना जागृत करना है।

सहायक निदेशक वर्मा ने कहा कि विशेष योग्यजन बच्चें कभी ये नहीं सोचे की मेरे साथ भगवान ने शारीरिक विकृति देकर गलत किया है या मेरे साथ बहुत गलत हुआ है बल्कि अच्छी शिक्षा लेकर आगे बढे तथा देश और समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी पलसाना भंवर लाल गुर्जर ने विशेष योग्यजनों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदान की। वहीं कार्यक्रम में राज्य सराकार द्वारा दिए गए विशेष योग्यजनों के किट भी बच्चों को दिए गए। समापन समारोह में विशेष योग्यजन बच्चों ने एक से बढकर एक शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर दशरथ मनोविकास सेवा संस्थान के सचिव धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, संजय मुण्डोतिया जिला परिवीक्षा अधिकारी, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी धोद मनोज कुमार जाट आदि उपस्थित रहे।

शरद पूर्णिमा महोत्सव संपन्न

झुंझुनू (निसं)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर सीतसर बालाजी धाम में मन्दिर के महंत पुष्कर लाल पारीक के सानिध्य में तीन दिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव और विशाल मेला मंगलवार को संपन्न होकर इसका विधिवत समापन हुआ। मन्दिर समिति के अध्यक्ष पी एल शर्मा, सचिव सुरेश शर्मा, इंजीनियर रवि पारीक ने सयुंक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया की इस अवसर पर सीतसर बालाजी महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया बालाजी महाराज को रिझाने के लिए रात्रि जागरण के साथ साथ रामायण का अखंड पाठ भी किया गया बालाजी महाराज के और मन्दिर के पूर्व महंत स्वर्गीय सांवल राम जी की मूर्ति के समक्ष छप्पन भोग लगाया। विभिन्न तरह के धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन भी किया गया उन्होंने बताया की मेले के दौरान तीनो दिन विशाल भंडारा लगाया गया जिसमे कई हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया मेले में आये दूर दराज से यात्रियों के रहने व खाने पिने की मन्दिर समिति की तरफ से नि: शुल्क व्यवस्था थी।

साण्डवा के जसवीर मेमोरियल में द्वितीय राज बटालियन एनसीसी के दूसरे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को हथियारो का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में कैडेट्स को हथियार की देखरेख व साफ सफाई के गुर सिखाए गए। कैम्प कमाण्डेन्ट ले. कर्नल प्रदीप दईया ने कहा कि यह प्रशिक्षण आपके जीवन में महत्वपूर्ण है। शिविर में आप जो भी सीख कर जायेंगे वो आपके बहुत काम आयेगा। कैडेट्स अपने क्षेत्र में स्वच्छता का ध्यान रखें। जिससे क्षेत्र में कभी कोई बिमारी न फैले। इस अवसर पर डिप्टी कैम्प कमाण्डेन्ट राजेश कुमार, सुबेदार मेजर प्रेम तमांग, सुबेदार रमेश लांबा, सुबेदार मोन्टू, नायब सुबेदार रामादर सिंह, बीएचएम ओमप्रकाश ढाका, हवलदार सतपाल, संदीप नैन, कैलाश, ओमप्रकाश, रमेश, जयपाल, हवलदार जाहिद हुसैन, प्रशासनिक अधिकारी शांतीलाल रक्षक, सतवीर धनखड़ व दीपक धनखड़ आदि मौजूद रहे।

ई-फाइल निस्तारण में तेजी लाने सहित विभागीय योजनाओं की प्रगति में गति लाने के निर्देश

सीकर, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं, पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, ई-फाइल निस्तारण एवं मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त ऑनलाइन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

उन्होंने विशेष रूप से ई-फाइल डिस्पोजल का समय कम करने के निर्देश देते हुए विद्युत विभाग सहित सभी विभागों को लम्बित प्रकरणों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में धार्मिक संस्थानों, कोचिंग संस्थानों, जीणमाता व खाटूश्यामजी जैसे पर्यटन स्थलों, मेडिकल संस्थाओं एवं एवीएनएल से संबंधित मामलों में नगर परिषद को दिशा-निर्देश जारी करने को कहा गया। श्री कल्याण अस्पताल की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था की जांच करवाने एवं उस पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ को सीएससी व पीएचसी में विद्युत सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के संदर्भ में विभागों को तैयारियों के निर्देश दिए गए, वहीं पशुपालन विभाग को मंगला पशुधन योजना के तहत दवा के निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब मुक्ति योजना, लखपति दीदी योजना, मुखर्जी उत्थान योजना, कर्मभूमि से मातृभूमि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एनएफएसए अपीलों का निस्तारण सहित फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट जिला स्तरीय अधिकारियों से मंगवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों की कुल 37 योजनाओं से संबंधित बिंदुओं पर रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए। एडीएम ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, पुलिस, पीएचडी, सहकारिता, शिक्षा, वन, रसद, आईसीडीएस, उद्योग, मनरेगा आदि विभागों के पोर्टल प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त ऑनलाइन प्रकरणों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने लाइट्स पोर्टल पर रिप्लाई नोट फाइलों को अपलोड करने के लिए समस्त विभागों को निर्देशित किया। एडीएम रतन कुमार ने चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत एडवाइजरी जारी करने, टीबी मुक्त भारत अभियान में प्रगति बढाने, रसद विभाग को गिव अप अभियान के तहत पात्र लोगों को जोडने एवं अपात्र लोगों के नाम हटाने, कुसुम योजना की प्रगति में तेजी लाने एवं दीपावली से पूर्व घरेलू विद्युत कनेक्शन प्राथमिकता से जारी करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को किसानों के लिए खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नकली खाद की बिक्री रोकने के लिए टीम गठित कर कार्रवाई करने को कहा।

सहकारिता विभाग को 2 अक्टूबर से प्रारंभ सहकार सदस्यता अभियान के तहत सरकारी समितियों के लिए भूमि आवंटन व सदस्य संख्या वृद्धि की कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही रसद विभाग व साक्षरता कार्यालय के पास साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। योजनाओं की समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के साथ जनहित से जुड़ी सेवाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, जलदाय, सार्वजनिक निर्माण विभाग, आयुक्त नगर परिषद शशिकांत शर्मा, डीटीओ ताराचंद बंजारा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी रहे।

अपनी मांगों को लेकर किसान यूनियन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

चूरू (निसं)। बारिश के मौसम के चलते जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में किसानों की फसलें तबाह होने पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को ज्ञापन दिया।

जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि किसानों के खेतों की फसल मूँग, मोठ, ग्वार, बाजरे, तिलहन और कुछ जगहों पर मूंगफली की फसल चौपट हो गई है। तेज बारिश के पानी में फसले तैर रही है तथा सड़ कर नष्ट हो गई है। इस हेतु बारिश से नष्ट फसलों का सही आकलन, मुआवजा, ऑनलाइन गिरदावरी करने सहित फसल विक्रय पोर्टल खोलने की मांग की गई। इस पर जिला कलेक्टर ने किसानों की मेहनत व्यर्थ जाने पर खेद प्रकट करते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष सिहाग ने बताया कि खराब हुई फसलों की शिकायत टोल फ्री नम्बर व क्रॉप इंश्योरेंस ऐप पर दर्ज करवा सकते है तथा पी एम एफ बी वाई व्हाटसप नम्बर 7065514447 पर दर्ज करवा सकेंगे और इसके साथ किसान के पास आवश्यक दस्तावेज कृषक का आधार कार्ड, पंजीकृत मोबाइल नंबर, बीमा पॉलिसी नम्बर हो तो ठीक रहेगा, आवश्यक नहीं है। इस अवसर पर हरफूलसिंह भाम्बू, पूर्व प्राचार्य हनुमानाराम इसराण, जाट महासभा जिलाध्यक्ष रणवीरसिंह कस्वाँ, पूर्व जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल सिहाग, जाट विकास संस्थान सचिव विजयपाल लाम्बा, कोषाध्यक्ष हरफूल बेरवाल, जाट महासभा कोषाध्यक्ष धर्मपाल सहारण, किसान सभा के दीपाराम प्रजापत, पूर्व सरपंच गंगाराम कडवासरा, युवा जिलाध्यक्ष रणजीत कडवासरा, मनीराम, भगवानाराम, राजकुमार, आयुष व पवन मेघवाल सहित अनेक किसान मौजूद थे।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को ज्ञापन दिया।

सार-समाचार

ट्यूबवैल का लोकार्पण

पिलानी, (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर 35 में स्थित कटारियों की ढाणी में विधायक पितरामसिंह काला के विधायक कोटे से स्वीकृत ट्यूबवैल का लोकार्पण मनफूल सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विधायक पितराम सिंह काला द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि विनोद काजला पिलानी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, सुनिल पंडित नगर अध्यक्ष कांग्रेस पिलानी, प्रेमप्रकाश मोयल, संतकुमार चावला, प्रदीप झाझड़िया, रणधीर गोठवाल, अनिल जांगिड, मनोज भास्कर थे। विधायक काला ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिलानी में दस ट्यूबवैल और स्वीकृत हुए हैं। जिनका निर्माण जल्दी ही पूरा हो जाएगा। उनके द्वारा विधानसभा में पानी का मुद्दा उठाने के पश्चात पिलानी के लिए कुंभाराम लिफ्ट कैनाल की 35.84 करोड की योजना बन गई है। जिसका टेंडर होने वाला है। जल्द ही पिलानी में पानी की समस्या नहीं रहेगी। पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की किसी प्रकार से कमी नहीं रहने दी जाएगी। ट्यूबवैल के शुभारंभ से वार्डवासियों में हर्षोल्लास का माहौल है। वार्डवासियों द्वारा पिलानी विधायक काला का साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं पानी की समस्या दूर करने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर बनवारीलाल सैनी, राजेश काजला, कन्हैयालाल सैनी, मोहनलाल सैनी, हजारीलाल, कृष्ण सैनी, विश्वंभर सैनी, प्रदीप सैनी, मदनलाल कटारिया, बजरंगलाल कटारिया, सत्यनारायण कटारिया, महेश कटारिया, सज्जन कटारिया, सुभाष कटारिया, रामप्रकाश कटारिया, बंटी हलवाई, अशोक, जुगलप्रसाद, गोपी, मुकेश, मूलाराम, सुनील, विनोद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बैडमिंटन चैम्पियनशिप का समापन आज

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी में जिला बैडमिंटन संघ की ओर से राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप का समापन बुधवार को सुबह 9.30 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान बैडमिंटन संघ सचिव केके शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी राजेश ओला होंगे तथा विशेष अतिथि प्रायोजक सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी के प्रतिनिधिगण होंगे। जानकारी देते हुए जिला बैडमिंटन संघ एवं चैम्पियनशिप ऑर्गेनाईजिंग सेक्रेटरी डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि पांच दिन से चल रही इस प्रतियोगिता के पांचवें दिन क्वॉर्टर फाइनल व सेमीफाइनल मैच के कड़े मुकाबले खेले गए और बुधवार को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। साथ ही समापन समारोह में सभी विजेता खिलाडियों को मैडल्स एवं योग्यता प्रमाण पत्र के साथ आकर्षक नकद पुरुस्कार प्रदान किये जायेगे साथ ही सभी प्रतिभागियों को मैरिट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा

झुंझुनूं, (निसं)। अनुकंपा नियुक्ति के एक मामले में राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर ने मुख्य सचिव एवं संयुक्त सचिव गृह विभाग राजस्थान सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जानकारी के अनुसार डूलानिया गांव की जनिता कुमारी के मामले में कोर्ट ने नोटिस जारी किए है। जनिता कुमारी की ओर से एडवोकेट विनोद पूनियां एवं आरके चौहान ने पैरवी की। जिसमें हाईकोर्ट के विद्वान न्यायाधीश ने एडवोकेट पूनियां के तर्कों से सहमत होकर राजस्थान के मुख्य सचिव एवं संयुक्त सचिव गृह विभाग को जनति जनिता कुमारी को अनुकम्पा नियुक्ति नहीं देने पर जवाब तलब किया है तथा दो सप्ताह में जवाब देने का आदेश दिया है। प्रार्थिया के पिता पुलिस विभाग में हवलदार के पद पर कार्यरत थे तथा उनकी ड्यूटी के दौरान मृत्यु हुई थी।

केशर तहसील प्रवक्ता बने

झुंझुनूं, (निसं)। जिले की सूरजगढ़ तहसील के काजडा ग्राम पंचायत निवासी केशरदेव गुर्जर को देवसेना का तहसील प्रवक्ता एवं ग्राम पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। यह जिम्म